तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 18 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 बारिश से पहले राष्ट्रीय राजमार्ग 343 को चलने योग्य बनाने के निर्देश




## खबर संक्षेप

### निःशुल्क मेगा शिविर का आयोजन आज

**अनूपपुर।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर 10 अप्रैल को शासकीय होम्योपैथी औषधालय द्वारा विशाल निःशुल्क मेगा होम्योपैथी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर औषधालय के नवनिर्मित भवन में स्थानांतरण का शुभारंभ कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन 10 अप्रैल को प्रातः 10 बजे शासकीय होम्योपैथी औषधालय शांति देवी मेमोरियल स्कूल के सामने कोतमा तिराहा जिला मुख्यालय में किया जाएगा।

### जल स्त्रोतों की श्रमदान से की जा रही सफाई

**अनूपपुर।** जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिपं की सीईओ श्रीमती अर्चना कुमारी के दिशा-निर्देशन में जिले में जल स्त्रोतों के साफ-सफाई का कार्य जन सहयोग श्रमदान के माध्यम से बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जिले के जपं अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ में ग्राम पंचायत तथा स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से नागरिकों को प्रेरित कर स्वच्छता का कार्य श्रमदान के माध्यम से कर जल संरक्षण संवर्धन की संरचनाओं को वर्षा के पूर्व साफ सुथरा किए जाने का कार्य अभियान अंतर्गत किया जा रहा है।

### क्रिकेट चैम्पियनशिप के लिए युवराज का चयन

**बैकुण्ठपुर।** नेशनल 50 बॉल्स क्रिकेट एसोसिएशन छग द्वारा 8 अप्रैल को रॉयल इंडियन क्रिकेट एकेडमी, गढ़ी पेंड्रा में नेशनल चैम्पियनशिप के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में कोरिया जिले के होनहार खिलाड़ी युवराज सिंह कमरो का चयन अंडर-15 वर्ग में ऑलराउंडर के रूप में हुआ है। युवराज सिंह कमरो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमगहना में पदस्थ व्याख्याता एवं कोया पुनेम गोंडवाना महासभा इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज सिंह कमरो के सुपुत्र हैं।



### कोयला मजदूर सभा में नई टीम का गठन

**बैकुण्ठपुर।** कोयला मजदूर सभा एचएमएस द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों में केदारनाथ अग्रवाल, योगेन्द्र मिश्रा, अक्षय तिवारी एवं अरूण कुमार झा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई है। संगठन के महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय ने कहा कि वे श्रमिकों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान एवं संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे। साथ ही संगठन के अध्यक्ष बजरंगी शाही ने भी सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के सफल कार्यकाल की कामना की और विश्वास जताया कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



### सड़क नवीनीकरण पर हो रही गुणवत्ताहीन कार्य

**कोरबा।** ग्राम पंचायत रजगामार में पीएमजेएसवाई के तहत इन दिनों रोड नवीनीकरण का कार्य चल रहा है जो कि रजगामार के ज्ञानदीप स्कूल से लेकर रजगामार बस्ती मार्ग है। इस कार्य से ग्रामीण नाराज हैं सड़क नवीनीकरण में जहां रोलर मशीन का उपयोग होना है वहां बिना रोलर मशीन के ही कार्य को पूर्ण किया जा रहा है। जन चिंतक मंच के यशवंत कुमार द्वारा उपस्थित ठेकेदार के कर्मचारियों से बात किया गया जिस पर कर्मचारियों ने अपनी गलती मानी तथा आश्वासन देते हुए बोला कि रोलर मशीन की आवश्यकता बतायी और जल्द ही रोलर मशीन से सड़क मरम्मत कार्य किया जाएगा।

## हादसों को रोकने नई पुलिया का हो रहा निर्माण

# धनुहर नाले में पलटा ट्रेलर, आवागमन ठप



दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गुरूवार की सुबह कोयले से भरी एक ट्रेलर धनुहर नाले में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में कोयले से भरे ट्रेलर का सामने का हिस्सा पुलिया पर लटकता रहा, इसके चलते कुछ घंटे तक इस मार्ग पर आवागमन बाधित रहा।

मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से बिलासपुर मार्ग पर करीब 10 किमी की दूरी पर मनसुख ग्राम के शुरूआत में धनुहर नाला में बने संकरे पुलिया पर 9 अप्रैल की सुबह कोयले से भरी ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीआर 7056 बैकुंठपुर की ओर आ रहा था कि सुबह करीब 6 बजे पुलिया पार करने के बाद अचानक मोड एवं चढ़ाई पर लोडेड ट्रेलर बेक होने लगा और अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे चला गया। इस दौरान ड्राईवर के केबिन का हिस्सा वाला भाग पुलिया में अटक गया। इस तरह ट्रेलर का पिछला हिस्सा पुलिया के नीचे चले जाने के कारण कोयला भी गिरकर बिखर गया। इस घटना में वाहन में चालक व क्लीनर सुरक्षित बच गए। इस घटना पश्चात वाहन के सामने का हिस्सा पुलिया के उपरी हिस्से में लटकता रहा, इसके चलते संकरी पुलिया में आवागमन बाधित हो गई। दोनों ओर वाहनों की कतार लगने लगी। घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को सुरक्षित निकालने में जुट गई। इसके बाद सड़क सुरक्षित हुआ, इसके बाद दोनो ओर से आवागमन फिर से शुरू हो गया।

### दर्जनों दुर्घटनाएं घटित हो चुकी अब तक

बैकुंठपुर से बिलासपुर मार्ग पर ग्राम मनसुख के निकट धनुहर नाला लोडेड वाहनों के आवागमन के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। अब तक इस नाले में दर्जनों लोडेड वाहन दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। जिनमें ज्यादातर दुर्घटनाओं में चालक सुरक्षित बच निकले हैं, कुछ ही मामले में वाहन चालक एवं सवारों को चोटे आई क्योंकि ज्यादातर दुर्घटना लोडेड वाहन के पुलिया पार करने के बाद अचानक मोड एवं चढ़ाई होने के कारण वाहन के बेक होने से घटित हुई।

### उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य जारी

बिलासपुर मार्ग पर ग्राम मनसुख में स्थित धनुहर नाले में प्रतिवर्ष कई दुर्घटनाओं को देखते हुए उक्त स्थल पर करोड़ों की लागत से उच्च स्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति मिली। इसके बाद धनुहर नाले में बड़ा पुल निर्माण कार्य शुरू हो गया। यदि निर्धारित समय में पुल निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाता है तो यह मार्ग इस जगह आवागमन में लिए सुरक्षित हो जाएगा।

# 14 टैंकरों से सप्लाई, प्रशासन चक्काजाम के बाद अलर्ट

**डोमनहिल।** गोदरीपारा क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर हुए चक्का जाम के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। अब क्षेत्र में राहत और स्थायी समाधान की दिशा में तेजी से काम शुरू कर दिया गया है।

नगर पालिक निगम चिरमिरी ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि प्रभावित इलाकों में 14 टैंकरों के माध्यम से नियमित पानी सप्लाई की जा रही है। निगम के अनुसार अमृत मिशन 2.0 के तहत घर-घर नल कनेक्शन देने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही पाइपलाइन विस्तार और जल आपूर्ति प्रणाली को मजबूत करने के प्रयास जारी हैं। 15 वें वित्त आयोग की राशि से गोदरीपारा, डोमनहिल और बरतुंगा क्षेत्रों में पाइपलाइन विस्तार किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 26, 27, 30, 31, 32, 33, 34 और 35 में करीब 100 मीटर नई पाइपलाइन जोड़कर बड़ाबाजार पानी टंकी से कनेक्शन दिया गया है, जिससे एसईसीएल कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। निगम ने बताया कि जल स्तर में गिरावट और प्रेशर कम होने के कारण अस्थायी समस्या बनी थी। ऐसे में नगर निगम और एसईसीएल प्रबंधन के समन्वय से 14 टैंकरों के जरिए नियमित जलापूर्ति की जा रही है, ताकि लोगों को परेशानी न हो। जन जागरण संघर्ष समिति की मांगों पर संज्ञान लेते हुए निगम ने आश्वासन दिया है कि 15 दिनों के भीतर पाइपलाइन कनेक्शन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही सप्ताह में कम से कम दो दिन नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। दीर्घकालिक समाधान के तहत अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत 16 नई पानी टंकियों के निर्माण के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। योजना पूरी होने के बाद हर घर तक नियमित और सुचारू जल आपूर्ति संभव हो सकेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जहां भी अस्थायी जल संकट उत्पन्न होगा, वहां तत्काल टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए नगर निगम और एसईसीएल के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है।




हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

# पीवीटीजी सर्वे को मिली रफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों के सटीक सर्वेक्षण को लेकर प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। इसी क्रम में जनपद पंचायत के सभा कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मैदानी अमले को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री वैशाली सिंह ने की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी काफी संख्या में शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान पीवीटीजी सर्वे ऐप के माध्यम से सर्वे की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य सर्वे प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना रहा, ताकि विशेष पिछड़ी जनजातियों के प्रत्येक परिवार की सटीक जानकारी एकत्रित की जा सके और उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से मिल सके। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को ऐप संचालन, डेटा एंट्री, तकनीकी समस्याओं के समाधान और रिपोर्टिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सर्वे के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर भी विशेष जोर दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री वैशाली सिंह ने कहा कि पीवीटीजी सर्वे शासन की प्राथमिकता वाला महत्वपूर्ण अभियान है।




### 10वीं-12वीं की कापियों का मूल्यांकन पूर्ण

**अम्बिकापुर।** बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 23 मार्च से चल रहे 10वीं एवं 12वीं बोर्ड के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण हो गया है। मूल्यांकन केंद्र प्रभारी ने मूल्यांकन संबंधी अपनी रिपोर्ट भी माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेज दी है। 12वीं बोर्ड के हिन्दी विषय की परीक्षा निरस्त होने के कारण मण्डल द्वारा 10 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। विभाग द्वारा परीक्षा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए इस बार भी बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को मूल्याकंन केंद्र बनाया था। बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कड़ी सुरक्षा में 16 मार्च को प्रारंभ किया गया था। प्रथम चरण का मूल्यांकन 16 मार्च एवं द्वितीय चरण का मूल्यांकन 25 मार्च से 7 अप्रैल तक संचालित किया गया।

# बेजुबान गौवंश के लिए 125 पानी नाद मिलेगा निःशुल्क

**बैकुण्ठपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए बैकुंठपुर क्षेत्र में बेजुबान गौवंश को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सराहनीय पहल की गई है। प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी जनसहयोग से 125 सीमेंट के पानी नाद (टंकी) की व्यवस्था की गई है, ताकि सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौवंश को पानी की समस्या से राहत मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान सभी दानदाताओं का श्रीराम जी का गमछा पहनाकर सम्मान किया गया। आयोजकों ने बताया कि गर्मी के दिनों में जहां आम इंसान कहीं भी रूककर पानी पी सकता है, वहीं बेजुबान पशुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि नाले और तालाब सूख जाते हैं। इस पुनीत कार्य में कुमार मेडिकल स्टोर के संचालक शशांक जिज्ञासी ने 50 नाद, आशीष डबरे 5, ज्ञानेन्द्र शुक्ला ⏭ शेष पेज 4 पर



# सुरक्षित और प्राकृतिक उपचार पद्धति के प्रति बढ़ रही जागरूकता

**बैकुण्ठपुर।** प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। यह दिन होम्योपैथी के जनक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

■ होम्योपैथी दिवस आज

इस वर्ष भी देशभर में होम्योपैथी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्र के चिकित्क डॉ. गौरवकांत बड़ेरिया ने बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की शुरूआत 18 वीं शताब्दी में जर्मनी के डॉ. हैनिमैन ने की थी। भारत में इसका प्रवेश 19 वीं शताब्दी में ब्रिटिश काल के दौरान हुआ। देश में इसके प्रचार-प्रसार में डॉ. महेन्द्रलाल सरकार का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने वर्ष 1867 में कोलकाता में होम्योपैथी अस्पताल की स्थापना की थी। बाद में भारत सरकार ने वर्ष 1973 में होम्योपैथी केन्द्रीय परिषद अधिनियम पारित कर इस चिकित्सा पद्धति को आधिकारिक मान्यता प्रदान की। वर्तमान समय में होम्योपैथी देश की एक लोकप्रिय वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति बन चुकी है। आयुष मंत्रालय द्वारा इसके विकास और विस्तार के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में 10 एवं 11 अप्रैल को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। होम्योपैथी समान से समान का इलाज सिद्धांत पर आधारित है, इसमें रोग के लक्षण उत्पन्न करने वाले तत्वों का सूक्ष्म मात्रा में उपयोग कर उपचार ⏭ शेष पेज 4 पर

### ओडिशा से पकड़ा गया गांजा सप्लाई करने वाला

**अंबिकापुर।** गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सप्लाई करता को उड़ीसा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इसके पूर्व पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 4 किलोग्राम गांजा, आई 20 कार सहित अन्य सामान बरामद कर चुकी है। रघुनाथपुर चौकी पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 26 फरवरी को एनएच 43 किनारे घेराबंदी की। एनएच किनारे आई 20 कार क्रमांक सीजी 10 एएल 8571 के पास 4 व्यक्ति को पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से रायगढ़ लैलूंगा मुड़ापारा नारायणपुर निवासी हेमसागर यादव, जशपुर तुमला कोलेनझरिया निवासी खीरो यादव, लैलूंगा पोतरा निवासी भूपेंद्र यादव व रघुनाथपुर गंगापुर निवासी मुरारी लाल चौबे को हिरासत में लेकर पुलिस की पूछताछ की। आरोपियों ने उड़ीसा के सुन्दरगढ़ निवासी नन्द कुमार साहू से गांजा खरीदने की बात कही। पुलिस टीम ने उड़ीसा सुन्दरगढ़ के किजिरकेला रस्टी निवासी 36 वर्षीय नंदकुमार साहू को गिरफ्तार किया।

# महिला मोर्चा ने मनाया भाजपा स्थापना दिवस, हुए विविध आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीता यादव के नेतृत्व में यह आयोजन पूरे जिले में अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय में दीपोत्सव एवं रंगोली कार्यक्रम किया गया जिसमें उत्साह, समर्पण और संगठन शक्ति की अद्भुत झलक देखने को मिली। स्थापना दिवस को समर्पित कार्यक्रमों की शुरूआत 5 और 6 अप्रैल को हुई, जब जिलेभर में महिला मोर्चा की बहनों ने अपने-अपने घरों के बाहर सुंदर रंगोली सजाकर भाजपा की संस्कृति, रंग और संगठन के प्रति समर्पण का संदेश दिया। जिला कार्यालय में भी स्वयं जिला अध्यक्ष रीता यादव एवं उनकी पूरी टीम ने रंगोली बनाकर, सजावट कर स्थापना दिवस को विशेष रूप से मनाया। 6 और 7 अप्रैल को महिला मोर्चा की कार्यकर्ता विभिन्न मोहल्लों, वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। कार्यकर्ताओं ने लोगों से सीधे संपर्क बनाकर स्थापना दिवस का महत्व बताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार की महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं कल्याणकारी योजनाओं, राज्य शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला मोर्चा की टीम ने जिले के चयनित बूथों में घर-घर जाकर स्थापना दिवस उत्सव को जनभागीदारी के साथ मनाया। कार्यकर्ताओं ने लोगों से संवाद करते हुए भाजपा की संगठनात्मक संरचना, विचारधारा, उपलब्धियों और महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रीता यादव ने बताया कि संस्कृति, सेवा और संगठन इन तीन आधारों पर भाजपा आगे बढ़ती है, और महिला मोर्चा उसी शक्ति का महत्वपूर्ण स्तंभ है। महिला मोर्चा द्वारा जिलेभर में किए गए कार्यक्रमों ने संगठन के शक्ति विस्तार, महिला जागरूकता, जनसेवा अभियान को नई गति दी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, जिला महामंत्री पुष्पलता राजवाड़े, ममता कुशवाहा, जिला मंत्री आंचल सिंह परमार, ममता साहू, संगीता कुशवाहा, आशा, सरिता, उर्मिला, किसुनती, कौशिल्या, सरस्वती, विंकी, रामबाई, मिनाक्षी, आस्था, सुलोचनी, राधेश्याम, सोमरसाय, सोनाबाई, अनुराधा, साधना, सावित्री, राज कुमारी, प्रेमवती, शिव कुमारी, शर्मिला, जगदीश कुवंर, विश्वनाथ यादव आदि मौजूद रहे।



## प्रमुख चौक बने जाम के केन्द्र, लोग हलाकान

# मनेन्द्रगढ़ की यातायात व्यवस्था पटरी से उतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय का दर्जा मिलने के बाद भी मनेन्द्रगढ़ शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहे आज भी अव्यवस्था और जाम की समस्या से जूझ रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के जैन मंदिर चौक, फुहारा चौक और विवेकानंद चौक जैसे व्यस्त इलाकों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब बनी हुई है। इन स्थानों पर दिनभर वाहनों की लंबी कतारें लगती हैं, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। सड़कें संकरी होने के साथ-साथ दोनों ओर बेतरतीब खड़े ठेले और वाहन स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन चौक-चौराहों पर यातायात नियंत्रण के लिए न तो पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और न ही किसी प्रकार की स्थायी व्यवस्था बनाई गई है। परिणामस्वरूप पीक आवर्स में हालात और भी बिगड़ जाते हैं, जहां पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। खासकर जैन मंदिर चौक और फुहारा चौक पर सड़क किनारे खड़े ठेले-खोमचे यातायात में सबसे बड़ी बाधा बन रहे हैं। ठेले वालों के कारण सड़क की चौड़ाई और कम हो जाती है, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित होती है। कई बार इस अव्यवस्था के कारण छोटे-मोटे हादसे भी हो चुके हैं।

विवेकानंद चौक की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। यहां भी दुकानों के सामने खड़े वाहन और ठेले यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं। बावजूद इसके प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर में व्यवस्थित ट्रैफिक प्लान लागू किया जाए, प्रमुख चौक-चौराहों पर नियमित पुलिस ⏭ शेष पेज 4 पर




WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप




### नपं परिषद की बैठक में आय-व्यय का बजट पेश, कार्ययोजना पर की गई चर्चा

**लखनपुर।** नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को परिषद की बैठक आयोजित की गई। जिसमें वर्ष 2026-27 का बजट का अनुमोदन किया गया। कुल अनुमानित आय रुपये 8917.00 लाख एवं अनुमानित व्यय 8907.50 लाख रुपये का बजट पेश किया गया। जिसमें कुल 09. 50 लाख रुपये लाभ का बजट पेश किया गया। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पास किया। नगर पंचायत लखनपुर अंतर्गत दूसरे एजेण्डा में विभिन्न निर्माण कार्य के प्राप्त दरो का अनुमोदन किया गया तथा वर्ष 2026-27 हेतु कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में चर्चा किया गया। नगर पंचायत लखनपुर अन्तर्गत गौरव पथ निर्माण के संबंध में चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई। परिवार सहायता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में प्राप्त आवेदनों पर विचार कर पात्र हितग्राहियों को सर्वसम्मति से पास कर योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु अनुमोदन किया गया। अध्यक्ष की अनुमति से प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के पात्र हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रदान किया गया। परिषद बैठक में अध्यक्ष सावित्री साहू, पार्षद दिनेश साहू, रमेश जायसवाल, समीमउद्दीन, बघोलन राम, बबलू मझवार, ईश्वर राजवाड़े, शीनू खडिया, पूनम साहू, गायत्री, सचिन बसंल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विधासागर चौधरी, उप अभियंता प्रदीप कुमार एक्का एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### एटक के छत्तीसगढ़ अध्यक्ष नियुक्ति पश्चात प्रथम नगर आगमन पर अजय विश्वकर्मा का किया गया स्वागत



**बिश्रामपुर।** एटक के छठवें राज्य सम्मेलन में अजय विश्वकर्मा को सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ राज्य का अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने के पश्चात उनके प्रथम बिश्रामपुर नगर आगमन पर एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और पटाखों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कार एवं मोटरसाइकिल रैली निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए एटक कार्यालय पहुंची, जहां नवनिर्वाचित राज्य अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया,उन्होंने कहा कि संगठित क्षेत्र के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के पीड़ित एवं शोषित असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए भी संघर्ष करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि उनकी स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है,उन्होंने आगे कहा कि कार्य के घंटे, वेतन, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में श्रमिकों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है,केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार श्रम संहिता (लेबर कोड) विधेयकों के संदर्भ में उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे मजदूर वर्ग के सामने नई चुनौतियां उत्पन्न होंगी,श्रम कानूनों में परिवर्तन, निजीकरण, ठेका प्रथा का विस्तार तथा रोजगार की असुरक्षा जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उभरकर सामने आएंगे।

### तलाकशुदा, परित्यकता युवक-युवतियों के विवाह हेतु परिचय सम्मेलन 3 को

बिश्रामपुर। वैश्य वर्ल्ड फाउण्डेशन की सरगुजा संभाग ईकाई द्वारा नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के अग्रसेन भवन में सभी आयु, जाति व वर्ग के विधवा, विधुर, तलाकशुदा, परित्यकता, दिव्यांग एवं निराश्रित युवक-युवतियों के विवाह हेतु परिचय सम्मेलन का आयोजन 3 मई को किया गया है,इस संबंध में वैश्य वर्ल्ड फाउण्डेशन की सरगुजा संभाग के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन में वैश्य, ब्राहमण, राजपूत, कायस्थ, अग्रवाल, अग्रहरि एवं पिछड़ा वर्ग के गुप्ता,जायसवाल, केशरवानी, यादव, रजवार, साहू, कुशवाहा, स्वर्णकार, पनिका, विश्वकर्मा, प्रजापति, नाई, धोबी, कुर्मी, अन्य सभी पिछड़ी जातियों के विधवा, विधुर, तलाकशुदा, परित्यकता, दिव्यांग एवं निराश्रित युवक-युवतियों एवं सभी समाज के अविवाहित महिला पुरुष भी आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि इस तरह के सम्मेलन आयोजित करने से समय की बचत होगी और समाज के लोगों को एक ही स्थान पर मिलने का अवसर मिलेगा। इस सम्मेलन में युवक-युवतियों के बायोडाटा का आदान प्रदान अभिभावकों को किया जाएगा और उसके पश्चात युवक-युवतियों का परिचय और परिवारों के मध्य चर्चा के उपरांत एक नए रिश्ते की नींव रखी जाएगी। इस सम्मेलन में अधिक आयु के व्यक्तियों को भी शामिल किया गया है, जिनकी किसी कारणवश विवाह योग्य उम्र में शादी नहीं हो पाई थी।

### कुन्नी के पर्री बूथ में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**लखनपुर।** भाजपा मंडल कुन्नी के पर्री बूथ में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंदर भगत, चंद्रिका प्रसाद यादव, महामंत्री विक्रम सिंह, ओबीसी मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण राजवाड़े, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष निखिल मराबी, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह, सुरेश सिंह, किशन चौहान, टिल्लू राम, राजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वीकृति 86 करोड़ की खर्च हो चुके हैं 103

# डेढ़ दशक से अधूरी पड़ी खुटपाली व्यपवर्तन योजना के लिए शासन से मिली 147.48 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



पिछले डेढ़ दशक से अधूरी पड़ी बलरामपुर जिले की महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना खुटपाली व्यपवर्तन योजना को पूरा करने की पहल शासन द्वारा प्रारंभ की गई है। शासन ने हाल ही में इसके लिए 147.48 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। गुणवत्ताहीन निर्माण एवं पहली बारिश में मुख्य नहर बहने के साथ ही योजना बीयर में जगह-जगह दरारें आने के कारण चर्चा में रही इस योजना का लाभ क्षेत्रवासियों को मिल पाएगा इसको लेकर प्रारंभ से ही तरह-तरह के सवाल उठ रहे है।

**खास बात**

- गुणवत्ताहीन निर्माण एवं शासकीय राशि के अपव्यय को लेकर वर्षों से उठ रहे सवाल

शासन द्वारा डेढ़ दशक पूर्व बलरामपुर जिलान्तर्गत ग्राम कोटपाली में कन्हर नदी पर व्यपवर्तन एवं 85 किमी लम्बी नहर बनाने के लिए 85 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। रावनदरा एवं बालपानी पहाड़ी के बीच निर्मित इस परियोजना के माध्यम से 30 गांवों में सिंचाई सुविधा प्रदान करने की योजना थी। विभाग के अधिकारी अलग-अलग एजेंसियों से व्यपवर्तन एवं नहर का निर्माण कराते रहे। इस दौरान वर्ष 2020 तक बांध व नहर का निर्माण चलता रहा। परियोजना के निर्माण की राशि खत्म हो गई लेकिन न तो बांध का निर्माण पूरा हो सका न ही नहर ही बन सकी। अधिकारियों ने निर्माण को पूरा कराने के लिए 103 करोड़ रूपए खर्च कर दिए लेकिन योजना पूरी नहीं हो सकी। अधूरे निर्माण के कारण बांध में कभी पानी भी नहीं भरा लेकिन योजना के सभी गेट क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कई बार गेट को सुधारने का मामला भी उठा लेकिन अधिकारियों ने कभी इसकी पहल नहीं की। इस दौरान गुणवत्ताहीन निर्माण एवं ड्राइंग-डिजायन की अवहेलना करने का भी मुद्दा उठा लेकिन अधिकारी मामले को दबाते रहे। पूर्व में भी अधिकारियों ने अधूरे निर्माण को पूरा करने के लिए शासन से कई बार राशि की मांग की लेकिन अनगिनत शिकायतों के कारण शासन ने राशि की स्वीकृति नहीं दी। अब हालत यह है कि कही नहर के निशान भी नहीं बचे हैं तथा बांध में जगह-जगह दरारें आ गई हैं। स्वीकृत राशि से विभाग निर्माण कराता भी है तो प्रस्तावित गांवों को लम्बे समय तक सिंचाई का लाभ मिल पाएगा इसको लेकर लोग आशंकित है।

### पहली बारिश में बह गई थी नहर

विभाग द्वारा परियोजना का पानी आपूर्ति करने के लिए बांध से पक्की नहर का निर्माण कराया गया था। पहली बरसात में 450 मीटर लम्बी पक्की नहर बह गई थी। विभाग ने नहर बहने से 14.30 लाख की क्षति होने का दावा किया था। जबकि क्षतिग्रस्त नहर की मरम्मत के लिए कलेक्टर को 1.27 करोड़ का प्रस्ताव भेजा था। अधिकारी क्षतिग्रस्त नहर की मरम्मत कराए बिना आगे की नहर का निर्माण कराने के नाम पर राशि फूंकते रहे। योजनान्तर्गत 72 किमी लम्बी नहर बनानी थी लेकिन नहर का निर्माण नहीं किया गया। कहीं नहर बनी भी तो बारिश में बह गई। परियोजना की मुख्य नहर बहने का मामला राजधानी तक गुंजा। अलग-अलग स्तर पर इसकी जांच भी हुई लेकिन विभाग ने मामले में किसी पर कार्रवाई नहीं की।

**बढ़ती रही सिंचाई क्षमता**

राशि के लिए विभाग के अधिकारी नहर की लम्बाई बढ़ाए बिना बांध की सिंचाई क्षमता को बढ़ाते रहे। प्रारंभ में परियोजना के माध्यम से 30 गांवों में 3052 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सिंचाई सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। रिवाइज स्टीमेट में अधिकारियों ने नहर की लम्बाई बढ़ाए बिना सिंचाई रकबा बढ़ाकर 4340 हेक्टेयर कर दिया। शासन द्वारा जिस पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति प्रदान की गई है उसमें 1975 हेक्टेयर खरीफ एवं 1720 हेक्टेयर रबी कुल 3695 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा प्रदान करने का प्रस्ताव है।

**मिली है स्वीकृति**

शासन द्वारा अधूरी पड़ी खुटपाली व्यपवर्तन योजना के लिए 147.48 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। शासन के निर्देशानुसार आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

-अनिल कुमार खलखो
मुख्य अभियंता



## जिला पंचायत सदस्यों का शक्ति प्रदर्शन मंत्री अग्रवाल को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

सरगुजा संभाग के जिला पंचायत सदस्यों ने मंगलवार को अंबिकापुर स्थित रेस्ट हाउस में आयोजित संभाग स्तरीय बैठक में अपनी ताकत और एकजुटता का परिचय दिया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने पंचायत स्तर के विकास कार्यों में आ रही बाधाओं पर खुलकर चर्चा की और राज्य सरकार के सामने अपनी प्रमुख मांगें रखीं। बैठक के दौरान मंत्री राजेश अग्रवाल को जिला पंचायत सदस्य संघ के प्रतिनिधियों ने मांगों से संबंधित विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि इन मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाता है, तो ग्रामीण विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और जमीनी स्तर पर योजनाओं का प्रभाव बेहतर दिखेगा। बैठक में संभाग स्तरीय जिला पंचायत सदस्य संघ का गठन किया गया। सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। अध्यक्ष लवकेश पैकरा, उपाध्यक्ष मुंशी राम, राजेश साहू, मोनिका टोप्पो, कुसुम सिंह, सचिव राधा रवि, कोषाध्यक्ष विजय अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य देवनारायण यादव, अनुज राजवाड़े, निर्मल कुजूर सहित अन्य शामिल है।

### अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरे बाइक सवार, दो घायल

**सोनगरा।** शहर से घर लौट रहे बाइक सवार दो युवक झापी नाला के समीप अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम केवरा घुटरा पारा निवासी रोशन आ. एतवारी (21 वर्ष ) व गांव के ही मदन आ. रमाशंकर (21 वर्ष) किसी काम के सिलसिले में अंबिकापुर बाइक क्रमांक सीजी 29 एएफ 4503 से आए थे। दोपहर को दोनों शहर से वापस घर जा रहे थे और जैसे ही बाइक सवार बनारस रोड झापी नाला के समीप पहुंचे तभी चालक बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में दोनों युवक घायल हो गए वहीं मार्ग से गुजर रहे लोगों ने घायलों को भटगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवकों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।



## स्व-गणना पोर्टल से घर बैठे दर्ज करें अपने परिवार का विवरण : कलेक्टर



**सूरजपुर।** भारत में जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस बार की जनगणना पूर्णतः डिजिटल तकनीक पर आधारित होगी, जो इसे पहले की तुलना में अधिक सटीक, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाएगी। जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी। पहले चरण में निर्धारित प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। इस बार नागरिकों को एक विशेष सुविधा दी जा रही है। स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से परिवार का मुखिया या कोई भी सदस्य पोर्टल पर जाकर अपने घर और सुविधाओं से जुड़ी जानकारी स्वयं भर सकता है। यह सुविधा संबंधित राज्य में मकान सूचीकरण कार्य शुरू होने से 15 दिन पहले उपलब्ध होगी और 15 दिनों तक ही सक्रिय रहेगी। एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही घर का लॉगिन संभव है और मुखिया का नाम एक बार दर्ज होने के बाद बदला नहीं जा सकता। कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले के समस्त नागरिकों से कहा है कि वे जनगणना में सक्रिय भागीदारी निभाएं और स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपना विवरण समय पर दर्ज कराएं।



## केआर टेक्निकल कॉलेज हुआ सम्मानित

**अम्बिकापुर।** केआर टेक्निकल कॉलेज ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहचान स्थापित करते हुए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ.सच्चिदानंद शुक्ला एवं क्षेत्रीय निदेशक डॉ.गौड़ा राजेंद्र की उपस्थिति में निदेशक डॉ.गौड़ा राजेंद्र ने केआर टेक्निकल कॉलेज को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया। महाविद्यालय समिति के उपाध्यक्ष राहुल जैन ने कहा कि इग्नू के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ रोजगारोन्मुखी ज्ञान प्राप्त करने का सशक्त मंच मिल रहा है। इग्नू समन्वयक डॉ.रीनू जैन ने बताया कि इग्नू के पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को लचीली एवं किफायती शिक्षा प्रदान करते है। प्राचार्य डॉ.रितेश वर्मा ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा वर्तमान समय में अत्यंत प्रभावी माध्यम बन चुका है, जो विद्यार्थियों को अपनी गति से सीखने और करियर को सुदृढ़ बनाने का अवसर प्रदान करता है। महाविद्यालय में इग्नू के अंतर्गत विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे है।

## अनोखी सोच संस्था ने मेडिकल कालेज को उपलब्ध कराया वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




वाटर कूलर का उद्घाटन करते मंडिकल कॉलेज डीन व अन्य।

भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर अनोखी सोच संस्था के पदाधिकारियों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर आपात कालीन केन्द्र के सामने मरीज व परिजन के सुविधा के लिए वाटर कूलर उपलब्ध कराया। वाटर कूलर का आज मेडिकल कॉलेज डीन व अस्पताल अधीक्षक ने उद्घाटन किया। आपात कालीन केन्द्र के सामने शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो जाने से अब लोगों को काफी राहत मिलेगी। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र जहां सुबह से रात तक घायल व मरीज पहुंचते है जिससे लोगों की भीड़ अधिक होती है। ऐसे में आपात कालीन केन्द्र के आसपास पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि पहले आपात कालीन केन्द्र के सामने आईसीयू भवन किनारे ही पेयजल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था अस्पताल प्रबंधन द्वारा कराई गई थी। लेकिन हाल ही में जिस स्थान पर वाटर कुलर था उस स्थान पर आईसीयू में लिफ्ट लगाने के लिए वाटर कूलर को हटा दिया गया था।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी में एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ

**करवां।** क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी में 14 वर्ष की बालिकाओं को गंभीर बीमारी सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से एचपीवी विशेष टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। केंद्र सरकार की मंशानुसार एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुरूप यह अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत निर्धारित आयु वर्ग की बालिकाओं को सिंगल डोज वैक्सीन लगाई जाएगी। इस अभियान के तहत बालिकाओं का ऑनलाइन पंजीयन कर टीकाकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 90 दिनों के भीतर सभी पात्र बालिकाओं को निःशुल्क टीकाकरण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं टीकाकरण प्रभारी शत्रुघन राम भगत ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी अंतर्गत आने वाली 14 ग्राम पंचायतों की 14 वर्षीय बालिकाओं की सूची एएनएम के माध्यम से पंचायतवार तैयार कर ली गई है। साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिन घर-घर जाकर आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध करा दी गई है, जिससे किसी भी प्रकार की कमी न हो। बालिकाएं सुबह 10 से शाम 4 बजे तक केंद्र में टीका लगवा सकती हैं इस अवसर पर श्रीमती शिखा मिर्धा, आनंद राम, उषा राय, श्रीमती बेरनेदेत लकड़ा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## निश्छल साहित्य समिति के समारोह में विजय सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



विगत दिवस मालवीय भवन में निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति का वार्षिक सम्मान समारोह पुस्तक विमोचन एवं काव्यगोष्ठी वरिष्ठ साहित्यकार एसपी जायसवाल की अध्यक्षता एवं जायसवाल समाज के संभागीय अध्यक्ष उमेश जायसवाल, पूर्व प्राचार्य बीडी लाल, भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ.उमेश पाण्डेय और राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक राजेश तिवारी के आतिथ्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम पूनम दुबे वीणा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से प्रारम्भ हुआ। समिति द्वारा इस वर्ष हाय रे सरगुजा नाचे, कर्मा गीत के रचयिता दमाली निवासी विजय सिंह को शॉल, श्रीफल एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। एसपी जायसवाल की सद्यः प्रकाशित गद्य रचना श्री राधारानी का विमोचन किया गया। उन्होंने काव्य एवं हनुमत गाथा, वाल्मिकी रामायण कथासार, भारतदर्शन गद्य की रचनाएं की है। कार्यक्रम को बीडी लाल, राजेश तिवारी, विनोद हर्ष एवं डॉ.उमेश पाण्डेय ने संबोधित किया और एसपी जायसवाल को सरगुजिहा बोली के संरक्षण-संवर्धन व राजस्तर पर पहचान दिलाने के लिए शुभकामनाएं दी। गोष्ठी में गीता दुबे, पूनम दुबे, माधुरी जायसवाल, अंजू पाण्डेय, आशा मिश्रा, अजय सागर, राजेन्द्र विश्वकर्मा, आनंद यादव, रामलाल विश्वकर्मा, चंद्रभूषण मिश्र, प्रकाश कश्यप, अंचल सिन्हा, राजेश पाण्डेय, कृष्णकांत पाठक और नीलिमा जायसवाल ने अपनी कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन आशा पाण्डेय और आभार-ज्ञापन राजेश तिवारी ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, अनिता ठाकुर, सच्चिदानंद पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## आमगांव सब एरिया मैनेजर पर हमला करने मामले में पटना महिला सरपंच समेत दर्जन भर ग्रामीणों पर अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर की आमगांव खुली खदान में मंगलवार 7 अप्रैल को रोड डायवर्सन व निर्माण कार्य के निरिक्षण दौरान सब एरिया मैनेजर पर गुलेल पत्थर से हमले और उनके वाहन में तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने ग्राम पटना की सरपंच विमला सिंह सहित दर्जन भर से अधिक लोगों के खिलाफ बीएनएस के विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

- बिश्रामपुर पुलिस ने जीरो में अपराध कायम कर केस डायरी भेजी रामानुजनगर थाना, नाराज ग्रामीणों के विरोध के कारण दूसरे दिन भी नहीं शुरू हो पाया निर्माण कार्य

प्राप्त जानकारी अनुसार आमगांव सब एरिया मैनेजर विजय कुमार एसईसीएल कंपनी की सर्वे टीम के साथ खदान विस्तार के लिए रोड डायवर्सन/निर्माण कार्य का मौका निरीक्षण कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान ग्राम पटना की सरपंच विमला सिंह अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचीं और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए विवाद शुरू कर दिया। शिकायत में बताया गया है कि आरोपियों ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्का और गुलेल के पत्थरों से हमला कर विजय कुमार को गंभीर रूप से घायल कर दिया साथ ही कंपनी की अग्रीमेंट में बुक की हुई स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 ईके 7224 में तोड़फोड़ कर क्षति पहुंचाई गई। आहत मैनेजर विजय कुमार ने अपनी रिपोर्ट में आरोपी हमलावर कर्मशः गणेश सिंह, गीता, संगीता, सोमारी, पिंटू, विंदेश्वर,महादेव एक्का, विकास एक्का, हरिकेश, पत्थल सिंह एवं अजय एक्का सहित अन्य लोगों के नाम भी शामिल किए हैं। बिश्रामपुर पुलिस ने उक्त मामले में बीएनएस की विभिन्न आपराधिक धाराओं 296, 115(2), 351(3), 121(1), 221, 191(1), 191(2), 324(2) के तहत शून्य में अपराध दर्ज कर केस डायरी को जांच के लिए रामानुजनगर थाना भेज दिया है। इधर बुधवार को दूसरे दिन भी प्रबंधन के अधिकारी सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने पहुंचे, लेकिन सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों के पुनः विरोध के कारण काम शुरू नहीं हो पाया है।

### ग्रामीणों का आरोप-प्रबंधन द्वारा बंदूक के दम पर जबरन काम कराने की धमकी देने पर बिगड़ा माहौल

ग्राम पटना की महिला सरपंच नने बताया कि खदान क्षेत्र के भू विस्थापित कुछ ग्रामीणों की नौकरी व मुआवजा सम्बन्धी प्रकरण अब तक लंबित हैं, जिस पर ग्रामीणों ने प्रकरण के निराकरण होने तक सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं कराने का प्रबंधन से आग्रह किया था,उक्त मामले में महाप्रबंधक कार्यालय में ग्रामीणों की प्रबंधन के साथ बैठक भी आयोजित हुई थी लेकिन जीएम के अड़ियल रवैये के कारण बैठक बेनतीजा निकली, भू विस्थापित ग्रामीणों का आरोप है कि भूमि अधिग्रहण की लंबित प्रक्रिया पूर्ण किये बिना ही जबरन भूमि कब्जा करने का प्रयास एसईसीएल प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है जो कि न्याय संगत नहीं है,घटना दिनांक को भी सब एरिया मैनेजर त्रिपुरा सशस्त्र जवानों के साथ सड़क निर्माण कराने के सम्बन्ध में मौके पर पहुंचे और बंदूक के दम पर सड़क निर्माण कार्य पूरा करा लेने की बात उपस्थित ग्रामीणों को कही,यहाँ पर प्रबंधन के अधिकारी द्वारा कथित रूप से गोली मार देने की बात सुनकर महिला सरपंच समेत अन्य उपस्थित ग्रामीण आक्रोशित हो उठे जिसके बाद मारपीट की घटना घटित हो गई है। नाराज ग्रामीणों ने दूसरे दिन भी सड़क निर्माण कार्य को बंद कराने में जुटे हुए हैं।




## गन्ना कृषकों एवं मजदूरों ने भुगतान की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना में गन्ना बिक्री किए कृषकों एवं मजदूरों ने भुगतान किए जाने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य सुरेश कुमार आयाम के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही 15 दिवस के अंदर उचित निर्णय नहीं लेने पर 16वें दिन अनिश्चितकालीन आंदोलन एवं कारखाना में तालाबंदी करने की चेतावनी दी है। कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि महामाया शक्कर कारखाना में गन्ना कृषकों एवं मजदूरों का भुगतान नहीं हुआ है, जबकि छत्तीसगढ़ शासन के आदेश अनुसार शक्कर कारखाना में उत्पादित शक्कर का प्रयोग मंत्र नागरिक आपूर्ति निगम हेतु किया जाएगा। आदेश के तहत राज्य शासन द्वारा शक्कर का उठाव 2 वर्षों से किया जा रहा है परंतु कार्य किए गए शक्कर का भुगतान विलंब से किया जा रहा है ताकि किसानों का कारखाना से मोह भंग हो जाए। किसानों व मजदूरों ने 15 दिवस के अंदर भुगतान नहीं करने पर उग्र आंदोलन करने तथा कारखाने में तालाबंदी करने की चेतावनी दी है।



# कॉकटेल-2 के गाने जब तलक का फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'कॉकटेल 2 बीते कुछ दिनों से सुर्खियों में हैं। मेकर्स थोड़े-थोड़े टाइम पीरियड में फिल्म से जुड़ी झलकियां फैंस के साथ शेयर कर रहे हैं। इस बीच बुधवार कोभी उन्होंने फिल्म के गाने 'जब तलक'का लुक शेयर किया है। मेकर्स के साथ फिल्म के एक्टर्स ने भी इस गाने का लुक शेयर किया। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर इसे शेयर कर लिखा- 'इस समर और भी ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है।'गाने के क्लिप में तीनों एक्टर्स काफी कूल लुक में नजर आए, साथ ही इंजॉए करते हुए और पार्टी करते दिखाई दिए।

लाइफ Style



# मृणाल
## रणवीर की वजह से मैं इंडस्ट्री में हूं

एजेंसी ⏭ मुंबई

'धुरंधर 2' को लेकर रणवीर सिंह को लोगों से काफी प्यार मिल रहा है। इस बीच एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने भी एक्टर की जमकर तारीफ की है और उनको लेकर बड़ा स्टेटमेंट दिया है। हाल ही में मृणाल ठाकुर रणवीर इलाहबादिया के पॉडकास्ट में पहुंची थीं।

मृणाल ने रणवीर की तारीफ करते हुए कहा, 'मेरा दिल बहुत खुश है। वो मेरे लिए लकी चार्म हैं। इसी वजह से मैं इस इंडस्ट्री में हूं। मैंने उनके साथ एक हेयर ब्रांड के लिए ऐड किया था, और जब वो ऐड टीवी पर आया तभी फिल्ममेकर्स ने मुझे नोटिस करना शुरू किया। मैं इसका पूरा क्रेडिट उन्हें देती हूं। उन्होंने सच में मेरी बहुत मदद की है। वो बहुत पॉजिटिव इंसान हैं और उन्हें हर सफलता मिलनी चाहिए।'उन्होंने 'धुरंधर 2' में भी रणवीर की परफॉर्मेंस की तारीफ करते हुए कहा, 'उनकी एक्टिंग सिर्फ ऊपर-ऊपर की नहीं थी, उसमें गहराई और कई परतें थीं। मैंने उन्हें रणवीर सिंह के रूप में नहीं देखा, सिर्फ 'हमजा'के किरदार में देखा। वो हीरो से ज्यादा एक किरदार लगे। मुझे उन पर बहुत गर्व है, क्योंकि वो बहुत मेहनती हैं। मैं दुआ करती हूं कि वो जो भी करें, वो ब्लॉकबस्टर हो। वो सब कुछ कर सकते हैं।'बता दें कि रणवीर सिंह ने धुरंधर में हमजा का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी ताबड़तोड़ कमाई की। फिल्म ने भारत में कुल 1,033.37 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। वहीं इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1,641.21 करोड़ का हो गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# जस्टिन के साथ शेयर की क्यूट तस्वीर

लॉस एंजिल्स। अपने गानों से सभी का दिल जीत चुकीं अमेरिकी सिंगर कैथरीन एलिजाबेथ उर्फ कैटी पेरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीत लिया है। कैटी ने अपनी इस नई पोस्ट में कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ अपनी खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को फिर से सरप्राइज कर दिया है। कैटी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'कभी नहीं सोचा था कि कर्म इतना फलदायी हो सकता है।'




# द डेविल वियर्स प्राडा 2 का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का फाइनल ट्रेलर रिलीज हो चुका है। दूसरे पार्ट में भी कई पुराने किरदारों नजर आ रहे हैं, जो पहली फिल्म का पार्ट थे। मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे 20 साल बाद इस फिल्म में साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 1 मई  2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मेरिल स्ट्रीप का किरदार इस बार भी नामी फैशन मैगजीन से जुड़ी हैं, लेकिन उनके किरदार को एक स्कैंडल का शिकार हो गया है। इस मुश्किल में ऐनी हैथवे का किरदार उनकी मदद के लिए आगे आता है। बता दें कि पहले पार्ट में एनी और मेरिल के किरदारों के बीच तीखी नोक-झोंक दिखी थी, जो इस बार भी देखने को मिल रही है।  फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे के अलावा एमिली ब्लंट, स्टेनली टुकी, ट्रेसी थॉमस और टिबोर फेल्डमैन भी वापसी कर रहे हैं।



# श्री बाबा नीम... में बने करोली महाराज

**मुंबई।** नीम करोली बाबा की जिंदगी पर कई फिल्में बन रही हैं। इनमें से एक फिल्म है 'श्री बाबा नीम करोली महाराज'। इसका टीजर बुधवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल को रिलीज होगी। इसमें अभिनेता सुबोध भावे नीम करोली बाबा का किरदार निभा रहे हैं।  टीजर की शुरुआत सुबोध भावे की एंट्री से होती है, जो नीम करोली बाबा के रूप में गहरी समाधि में बैठे दिख रहे हैं। फिर उनकी आवाज सुनाई देती है- 'ये देख, मैं आ गया हूं तेरे लिए। इसी दिन का इंतजार था ना तुझे? देख, मैं तेरे सामने खड़ा हूं।' टीजर में राजेश शर्मा को भी हाथ जोड़ते हुए दिखाया गया है। सुबोध भावे एक अभिनेता, लेखक, निर्देशक और निर्माता हैं। वह मुख्य रूप से मराठी फिल्मों में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने साल 2000 में टीवी से शुरुआत की।



# राम गोपाल संग बिताए पलों को किया याद

**मुंबई।** अभिनेता मनोज बाजपेयी ने फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा के बर्थडे पर खास अंदाज में उन्हें विश किया और अपनी पुरानी यादें ताजा कीं। एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी थ्रोबैक तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनके साथ बिताए गए कई वर्षों की झलक देखने को मिली। इन तस्वीरों में उनकी प्रोफेशनल और पर्सनल बॉन्डिंग साफ नजर आई। मनोज ने अपने इस लंबे सफर को 'अनफॉरगेटेबल' बताया और लिखा, 'हैप्पी बर्थडे      हमने साथ में पागलपन, बहसें, हंसी और कई यादगार फिल्में बनाई हैं। मैं इन सबके लिए शुक्रगुजार हूं। ऐसे ही बेबाक और निडर बने रहो। बता दें कि राम गोपाल वर्मा की अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत'साल 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है।

## टीवी मसाला



# पुलकित इस बार रोमांस छोड़ लगाएंगे बॉक्सिंग का पंच...

**मुंबई।** पुलकित सम्राट और दिव्येंदु शर्मा स्टारर स्पोर्ट्स थ्रिलर 'ग्लोरी'का टीजर बुधवार को सामने आया है। रोमांस छोड़कर इस बार पुलकित बॉक्सिंग करते नजर आएंगे। टीजर को देखने के बाद फैंस इस सीरीज के लिए और पुलकित सम्राट को इस अंदाज में देखने के लिए काफी उत्सुक हैं। हरियाणा की ब्रूटल और इमोशनली चार्ज बॉक्सिंग की दुनिया पर आधारित 'ग्लोरी' का टीजर पारंपरिक स्पोर्ट्स ड्रामा से इतर एक जटिल कहानी की ओर इशारा करता है। इसमें बदला, महत्वाकांक्षा और टूटे हुए रिश्ते आपस में टकराते हैं। 1 मिनट 11 सेकंड के इस टीजर में बॉक्सिंग, मर्डर, सस्पेंस, पॉवर और थ्रिलर देखने को मिलता है। टीजर में त्याग, बलिदान और कष्ट की बात की जाती है। करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा द्वारा निर्देशित 'ग्लोरी' में दिव्येंदु शर्मा और पुलकित सम्राट प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा सीरीज में 'धुरंधर' फेम सुविंदर विक्की, आशुतोष राणा, यशपाल शर्मा और सिकंदर खेर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। एटॉमिक फिल्म्स के तहत निर्मित 'ग्लोरी'1 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। पुलकित सम्राट और दिव्येंदु शर्मा के लिए 'ग्लोरी' काफी अहम है, क्योंकि दोनों को अपने करियर में एक बड़ी सफलता की जरूरत है।

## 'तुम हो ना' से टीवी पर वापसी करेंगे राजीव

**नई दिल्ली।** एक बिल्कुल नया रियलिटी गेम शो 'तुम हो ना' आने वाला है। इस शो को 'कहीं तो होगा' फेम राजीव खंडेलवाल होस्ट करेंगे। इस शो को लेकर राजीव ने खास बाते बताई हैं। राजीव खंडेलवाल ने कहा, 'कई साल में मुझे कई तरह के रोल ऑफर मिले। कुछ प्रयोगात्मक थे तो कुछ बहुत अलग-अलग। लेकिन, मैंने हमेशा अपने दिल की सुनी और वही काम चुना जो मुझे सच में मायने रखता हो। 'तुम हो ना' शो के साथ टीवी पर वापसी करके मुझे बहुत खुशी हो रही है। मैं एक बहुत सुंदर शो लेकर आ रहा हूं जो मेरे दिल के बहुत करीब है।' यह शो जल्द ही सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर शुरू होगा।  राजीव खंडेलवाल ने मुख्य रूप से 5 से अधिक प्रमुख टीवी रियलिटी शो और टॉक शोज को होस्ट किया है। उनके चर्चित होस्टिंग प्रोजेक्ट्स में डील या नो डील (2006), सच का सामना (सीजन 1 और 2), सुपर कार्स, माय एंडेवर (2013), और जज्बात (2018) शामिल हैं। उन्होंने 2016 में  द लीजेंड ऑफ जगन्नाथ' नाम की डॉक्यूमेंट्री भी होस्ट की है। राजीव खंडेलवाल एक भारतीय फिल्म और टेलीविजन अभिनेता और होस्ट हैं, जिन्होंने कहीं तो होगा (2003-2005) से घर-घर में पहचान बनाई।



# जिंदगी की तलाश गाने को सुनने के बाद खूब रोया था दुबई का असली डॉन...

***नई दिल्ली।*** *गीतकार समीर अनजान ने एक ऐसा गाना लिख दिया था जिसे सुनने के बाद दुबई का डॉन बहुत रोया था। रात भर रोने के बाद समीर को किया था फोन। ये था वो गाना जिसने असली डॉन तक को रुला दिया। गाना आज भी दिल छू जाता है। हिंदी सिनेमा में कई फिल्में डॉन पर बनाई गई हैं। अक्षय कुमार, अजय देवगन जैसे एक्टर्स ने माफिया डॉन के किरदार निभाकर ऑडियंस को खुश कर दिया है। कई फिल्मों में डॉन के अलग-अलग रूप को दिखाया, उनपर गाने भी बने। लेकिन क्या आपको पता है एक गाने के लिए असली माफिया डॉन इतना दीवाना हो गया था कि उसने गाना लिखने वाले गीतकार को सोने से लादने की बात कह दी थी। ये गीतकार हैं समीर अनजान। कई खूबसूरत गाने लिखने वाले समीर ने एक गाना डॉन की जिंदगी पर भी लिखा था। लेकिन, उन्हें नहीं पता था कि फिल्म की कहानी पर लिखा गया ये गीत असली डॉन के दिल को छू जाएगा।*



## समीर को डॉन ने किया था फोन

माफिया डॉन ने समीर को सुबह के 4 बजे फोन किया और जो कहा उसने उन्हें हैरान कर दिया। समीर कहते हैं कि उस डॉन ने उस समय शराब पी रखी थी। और कहा आप दुबई आ जाओ। मैं आपको सोने से लाद के भेजूंगा। ये सुनते ही समीर ने हैरानी से पूछा कि क्या हुआ, लेकिन डॉन ने फिर कहा कि आप आ जाओ। गीतकार ने उनसे वादा किया कि वो जरूर आएंगे। लेकिन, पहले वजह तो बताइए। समीर ने बताया कि डॉन ने उनसे कहा कि सर आपने एक ऐसा गाना लिख दिया है जिसकी दो लाइन में आपने मेरी पूरी जिंदगी कह दी। वो गाना सुना और रात भर मैं रोया हूं।

## फिल्म की सिचुएशन पर था गाना

समीर ने बताया कि उन्होंने फिल्म साथी के लिए एक गाना लिखा था 'जिंदगी की तलाश में हम मौत के कितने पास आ गए। जब ये सोचा तो घबरा गए हम कहां थे कहां आ गए'। इस गाने को सुनने के बाद डॉन खूब रोया और समीर को फोन किया। फिल्म में भी ये गाना एक डॉन के किरदार पर बेस्ड था। लेकिन, इसके मुखड़े भर ने डॉन को रुला दिया। ये किस्सा समीर अनजान आज तक नहीं भूल पाए हैं। उन्होंने फिल्म की सिचुएशन पर गाना लिखा था, लेकिन नहीं सोचा था कि कोई असली डॉन भी इससे प्रभावित हो जाएगा।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण-पूजा का दिखा रोमांटिक अंदाज

**मुंबई।** वरुण धवन और पूजा हेगड़े की नई फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' कथित तौर पर मई महीने में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन, रिलीज से पहले वरुण धवन ने फिल्म की शूटिंग की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वरुण और पूजा नदी के किनारे रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं। जिस पर जान्हवी कपूर ने एक खास कमेंट किया है। इस तस्वीर के साथ वरुण धवन ने कैप्शन में लिखा, 'इश्क सिर्फ एक बार होता है।' वरुण की इस तस्वीर पर जान्हवी कपूर ने मजाकिया कमेंट किया। जान्हवी ने लिखा, 'लेकिन आप कैप्शन में क्यों चिल्ला रहे हैं?' जान्हवी कपूर और वरुण धवन पहले 'बवाल' और 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' जैसी फिल्मों में एक साथ काम कर चुके हैं। 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म का शीर्षक फिल्म 'बीवी नंबर 1' के गाने 'इश्क सोना है' से लिया गया है, जिसमें सलमान खान और सुष्मिता सेन ने अभिनय किया था। तस्वीर के बैकग्राउंड में 1999 की पुरानी फिल्म 'इश्क सोना है' का गाना बज रहा है। फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की शूटिंग पिछले साल



शुरू हुई थी। पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम पर ऋषिकेश से वरुण के साथ गंगा आरती की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे। फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी कर रहे हैं। इस फिल्म में मृणाल ठाकुर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। पूजा हेगड़े की आखिरी फिल्म 'देवा' थी, जिसमें उन्होंने शाहिद कपूर के साथ काम किया था।

## 'राका' के पोस्टर में अल्लू अलग रूप में आ रहे हैं नजर

# अजीबोगरीब लुक में नजर आए ये कलाकार, किसी ने डराया तो किसी ने किया हैरान

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के मौके पर उनकी अपकमिंग फिल्म 'राका' का पहला पोस्टर जारी हो गया है। पोस्टर में अल्लू अर्जुन अलग रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनके चेहरे के सामने जानवर का पंजा है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि 'राका' में अल्लू अर्जुन का लुक इंसान और जानवर का मिश्रण हो सकता है। इसी कड़ी में हम आपको उन कलाकारों के बारे में बता रहे हैं जो फिल्मों में बहुत अजीब लुक में नजर आए।

### कमल हासन- कल्कि (2024)

'कल्कि 2898 एडी में कमल हासन एक बूढ़े व्यक्ति के रूप में नजर आए थे। उनका यह लुक काफी डरावना और झुर्रियों वाला था। उनके लुक को देखकर लग रहा था कि वह जिंदा लाश हैं। उनका लुक इतना अजीब था कि एक्टर को पहचानना बहुत मुश्किल हो रहा था। कमल का यह लुक उनके अब तक के सबसे अलग किरदारों में से एक है।

### राजकुमार राव राब्ता (2017)

फिल्म राब्ता में राजकुमार राव ने कैमियो किया था। हालांकि उन्होंने अपने लुक से लोगों को हैरान कर दिया था। इस लुक में वह डरावने लग रहे थे। फिल्म में उन्होंने 324 साल के बेहद बुजुर्ग व्यक्ति की भूमिका निभाई थी। राजकुमार राव के इस लुक की दुनियाभर में तारीफ हुई थी।



### कार्थी- काशमोरा (2016)

फिल्म कश्मोरा में कार्थी ने डबल रोल अदा किया था। उनके किरदार का नाम कश्मोरा और राज नायक था। फिल्म में कार्थी का लुक बहुत अलग था। इस लुक के लिए उन्होंने दाढ़ी बड़ी की थी, सिर मुंडवाया था। वह पुराने सैनिकों की पोशाक में नजर आए थे। उनके चेहरे की बाईं तरफ एक काला निशान भी था।

### विक्रम- आई (2015)

फिल्म आई में विक्रम ने ली नाम के एक ऐसे शख्स का किरदार निभाया था, जो एक वायरस की चपेट में आ जाता है। बीमारी से ग्रस्त होने के बाद वह जवानी में ही बूढ़े लगते हैं। उनके बाल भी झड़ जाते हैं। इसके बाद वह काफी डरावने लगने लगते हैं। अच्छा इलाज मिलने के बाद वह ठीक हो जाते हैं। फिल्म में उनके अजीब लुक की काफी तारीफ हुई थी।

### संजय दत्त- अग्निपथ (2013)

ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म अग्निपथ में संजय दत्त का लुक काफी अलग था। इसमें उन्होंने कांचा चीना नाम के विलेन का किरदार निभाया था। संजय दत्त इसमें गंजे थे। फिल्म में इस किरदार को निभाने के लिए उन्होंने अपनी भौहें भी बनवा दी थीं। इस लुक को काफी डरावना और अजीब माना गया।

## खबर संक्षेप

### जयनगर उरांवपारा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** ग्राम जयनगर उरांवपारा निवासी 19 वर्षीय दीपक तिर्की उर्फ लक्की पिता फलेश्वर तिर्की मंगलवार की रात मोहल्ले में एक छठी कार्यक्रम में शामिल होने गया था, रात में वापस घर लौटने के बाद अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया एवं मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### नपं परिषद की बैठक में आय-व्यय का बजट पेश

**लखनपुर।** नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को परिषद की बैठक आयोजित की गई। जिसमें वर्ष 2026-27 का बजट का अनुमोदन किया गया। कुल अनुमानित आय रुपये 8917.00 लाख एवं अनुमानित व्यय 8907.50 लाख रुपये का बजट पेश किया गया। जिसमें कुल 09. 50 लाख रुपये लाभ का बजट पेश किया गया। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पास किया। नगर पंचायत लखनपुर अंतर्गत दूसरे एजेण्डा में विभिन्न निर्माण कार्य के प्राप्त दरो का अनुमोदन किया गया तथा वर्ष 2026-27 हेतु कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में चर्चा किया गया। नगर पंचायत लखनपुर अन्तर्गत गौरव पथ निर्माण के संबंध में चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई। परिवार सहायता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में प्राप्त आवेदनों पर विचार कर पात्र हितग्राहियों को सर्वसम्मति से पास कर योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु अनुमोदन किया गया। अध्यक्ष की अनुमति से प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के पात्र हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रदान किया गया। परिषद बैठक में अध्यक्ष सावित्री साहू, पार्षद दिनेश साहू, रमेश जायसवाल, समीमउद्दीन, बघोलन राम, बबलू मझवार, ईश्वर राजवाड़े, शीनू खडिया, पूनम साहू, गायत्री, सचिन बसंल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विधासागर चौधरी, उप अभियंता प्रदीप कुमार एक्का एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगर आगमन पर अजय का किया गया स्वागत

**बिश्रामपुर।** एटक के छठवें राज्य सम्मेलन में अजय विश्वकर्मा को सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ राज्य का अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने के पश्चात उनके प्रथम बिश्रामपुर नगर आगमन पर एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और पटाखों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कार एवं मोटरसाइकिल रैली निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए एटक कार्यालय पहुंची, जहां नवनिर्वाचित राज्य अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया, उन्होंने कहा कि संगठित क्षेत्र के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के पीड़ित एवं शोषित असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए भी संघर्ष करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि उनकी स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है, उन्होंने आगे कहा कि कार्य के घंटे, वेतन, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में श्रमिकों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार श्रम संहिता (लेबर कोड) विधेयकों के संदर्भ में उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे मजदूर वर्ग के सामने नई चुनौतियां उत्पन्न होंगी, श्रम कानूनों में परिवर्तन, निजीकरण, ठेका प्रथा का विस्तार तथा रोजगार की असुरक्षा जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उभरकर सामने आएंगे।

## एनएच के सीई ने किया निरीक्षण

# बारिश से पहले राष्ट्रीय राजमार्ग 343 को चलने योग्य बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कमियों को दूर करने के साथ ही ठेकेदार को मानकों का ख्याल रखने के निर्देश

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर चल रहे निर्माण कार्यों का एनएच के मुख्य अभियंता ने निरीक्षण किया। अपने दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे सीई ने निर्माण कार्यों की जानकारी लेने के साथ ही कंसल्टेंट कंपनी के अथॉरिटी इंजीनियर को स्पष्ट निर्देश दिए है कि निर्माण की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्यों को समय सीमा पर पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि बारिश शुरू होने से पहले गिट्टी वाला काम पूर्ण कर लिया जाए ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना ना करना पड़े। बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग के मुख्य अभियंता ज्ञानेश्वर कश्यप सरगुजा के दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग 130 और 43 का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मुख्य रूप से उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के कार्यों की जानकारी ली। सीई श्री कश्यप ने एनएच ईई आरडी ताम्ब्रे के साथ रजपुरी खुर्द से पस्ता पाढ़ी एवं बलरामपुर से रामानुजगंज के चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान यह जानकारी आई कि रजपुरी खुर्द से पाढ़ी के बीच अर्थ वर्क, पाइप पुलिया, बॉक्स कलवट के काम होने है। इसके साथ ही रामानुजगंज के बीच जीएसबी का काम चल रहा है और कुछ स्थानों पर ट्रायल के लिए डामरीकरण भी कराया जा रहा है। सीई ने निर्माण एजेंसी के प्लांट का निरीक्षण किया। एनएच ईई श्री ताम्ब्रे ने बताया कि एनएच पर वर्तमान में 10-12 प्रतिशत काम हुआ है और बारिश तक गिट्टी वाला काम करना है। ऐसे में सीई ने बारिश से पूर्व सब ग्रेस का काम पूर्ण करने के निर्देश दिए है ताकि बारिश के समय लोगों को आवगमन में परेशानी का सामना ना करना पड़े। विदित हो कि एनएच 343 पर रजपुरी खुर्द से पाढ़ी के बीच 49 किलोमीटर सड़क के लिए 397.44 करोड़, बड़की महरी से रामानुजगंज के बीच 29.430 किलोमीटर सड़क के लिए 199.05 करोड़ व संजय नगर से राजपुरीखुर्द के बीच 13.700 किलोमीटर बाईपास सड़क निर्माण हेतु 149.94 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई है।


ठेकेदार के प्लांट में निरीक्षण करते सीई व अन्य अधिकारी।

### अथॉरिटी इंजीनियर को लगाई फटकार

बताया जा रहा है कि एनएच के सीई श्री कश्यप ने कंपनी के प्लांट के साथ ही अर्थ वर्क में कम्पैक्शन, सब ग्रेड की ग्रेडिंग की जांच की। इस दौरान उन्होंने ठेकेदर और कंसल्टेंट एजेंसी के अथॉरिटी इंजीनियर को फटकार लगाते हुए स्पष्ट दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सड़क का निर्माण तय किए गए मानकों के अनुरूप किया जाए। वहीं उन्होंने सड़क में सुरक्षा मानकों का भी पालन करने के निर्देश दिए। ठेकेदार द्वारा जगह जगह सड़क पर बड़े बड़े पेड़ों के डंगाल गिराकर छोड़ दिया गया ताकि लोग उस लेन में आवागमन नहीं कर पाए। ऐसे में दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। सीई ने ठेकेदार को संकेतक लगाने और सुरक्षा मानकों का ख्याल रखने के निर्देश दिए है।

### लोगों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे निर्माण की रफ्तार और गुणवत्ता को लेकर अभी से सवाल उठ रहे है। सड़क निर्माण की गति काफी धीमी है ऐसे में इस बार बारिश के समय लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही वर्तमान में निर्माणाधीन सड़क से उड़ती धूल लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। निर्माण के दौरान कई स्थानों पर डायवर्शन मार्ग नहीं बनाया गया है। सड़क निर्माण के दौरान वाइब्रेटर मशीन सड़क को समतल नहीं किया जा रहा है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

### दिया गया है लक्ष्य

राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे कार्यों का सीई ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार और कंसल्टेंट कंपनी के अथॉरिटी इंजीनियर को गुणवत्ता का पूर्ण ख्याल रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बारिश से पहले एनएच को चलने योग्य बनाने के लिए गिट्टी वाला काम पूर्ण करने लक्ष्य दिया गया है। हम इस दिशा में प्रयास कर रहे है।

-आरडी ताम्ब्रे
ईई एनएच

# सिलफिली के समीप रेलवे ट्रैक पर दिखा दुष्कर्म और हत्या का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सरगुजा में महिला के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को सिलफिली क्षेत्र में देखा गया है। क्षेत्र में लगभग 7 लोगों ने उसे अलग अलग अलग गांवों में घूमते हुए देखा है। आरोपी के खिलाफ ठोस इनपुट मिलने के बाद पुलिस ने भी अपना सर्च अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को ड्रोन कैमरे की मदद से क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। संभावना जा रही है कि पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लेगी।

बता दें कि 3 अप्रैल को शहर के सद्भावना चौक में मछली दुकान के अन्दर एक महिला की खून से सनी लाश मिली थी। मृतिका की पहचान लखनपुर केवरा निवासी 40 वर्षीया के रूप में की गई थी। पहले पति की मौत के बाद गंगापुर में कथित पति के साथ रहती थी। महिला की मौत के मामले में चौकाने वाले तथ्य सामने आए थे। महिला के साथ दरिंदगी की सभी हदें पार की गई है। महिला के छाती की दोनों तरफ की पसलियां टूटी हुई थी। उसके सिर के सामने की हड्डी भी टूटी हुई थी। गले को दबाने के लक्षण मिले है। इसके साथ ही उसके गुप्तांग का परीक्षण करने पर चिकित्सकों ने एक लीटर के पानी बोतल का हिस्सा निकाला। महिला के गुप्तांग में काफी चोट के निशान भी मिले थे। महामाया प्रवेश द्वार के समीप इस तरह से महिला से दुष्कर्म और हत्या किए जाने की घटना से लोगों का आक्रोश भड़क उठा है। इधर कांग्रेस भी घटना के विरोध में चरणबद्ध प्रदर्शन कर रही है। धरना प्रदर्शन, मौन प्रदर्शन के बाद शहर में कैंडल मार्च निकालकर मृतिका को श्रद्धांजलि दी गई। इधर इस घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा है जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी राजेश अग्रवाल द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया है लेकिन अब तक आरोपी का सुराग नहीं लग सका है। इसका कारण यही है कि आरोपी के पास कोई मोबाइल फोन नहीं है वह डिजिटल ट्रांजैक्शन कर रहा। उसका कोई रिस्तेदार भी नहीं है और ना ही उसका कोई ठोस पता है। ऐसे में आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बन गई है। यही वजह है कि अब पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुरानी पद्धति से जन संपर्क और ग्रामीण सूत्रों का भी सहारा ले रही है। मामले में आईजी दीपक झा की ने 30 हजार और एसएसपी श्री अग्रवाल ने 5 हजार कुल 35 हजार रूपए के इनाम की घोषणा की है। इस बीच अब तक आरोपी को सात लोगों द्वारा देखे जाने की जानकारी सामने आई है। अंतिम बार उसे सिलफिली रेलवे ट्रैक के पास देखा गया। अंदाजा लगाया जा रहा है कि आरोपी कबाड़ चुनने के साथ ही गांव में मागंकर लोगों से खा रहा है और कहीं भी छिपकर सो जा रहा है। यही वजह है कि पुलिस ने आरोपी के सर्च के लिए ड्रोन कैमरे की भी मदद ली है। बुधवार को अलग अलग टीमों ने ड्रोन कैमरे की मदद से सर्च अभियान चलाया और अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही हत्या का आरोपी पकड़ा जाएगा।

# आरक्षक की पत्नी को पुलिस सैलरी पैकेज के तहत दी गई 1 करोड़ की बीमा राशि




- सनावल में तस्करों ने ट्रैक्टर से कुचलकर की थी हत्या

**अम्बिकापुर।** आरक्षक को निधन उपरान्त पुलिस सैलरी पैकेज के तहत एक करोड़ रूपए की जीवन बीमा राशि प्रदान की गई है। बुधवार को एसपी वैभव बैंकर के साथ ही एसबीआई के अधिकारियों ने मृतक की पत्नी को चेक प्रदान किया। बता दें कि सनावल थाना में पदस्थापना के दौरान आरक्षक 809 शिव बचन सिंह 12 मई 2025 को नदी में चल रहे रेत के अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करने गए हुए थे। इस दौरान झारखंड से आए हुए तस्करों ने देर रात 1.30 बजे ट्रैक्टर से कुचलकर आरक्षक की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के पुलिस कर्मियों के भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी निःशुल्क पुलिस सैलरी पैकेज के तहत भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू किया गया है। जिसके तहत स्व. आरक्षक शिवबचन सिंह के नामिनी पत्नि वर्षा रानी सिंह को 1 करोड़ रुपए का जीवन बीमा सहायता चेक एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक अंबिकापुर अविनाश पाणिग्रही, मुख्य प्रबंधक एसबीआई बलरामपुर अभय सिंह द्वारा उनके परिजनों को उनकी जीवन बीमा की चेक एसपी वैभव बैंकर की मौजूदगी में सौंपा। इस दौरान एसपी श्री बैंकर ने बताया कि एसबीआई निःशुल्क पुलिस सैलरी पैकेज योजना पुलिस विभाग और भारतीय स्टेट बैंक के बीच हुये एमओयू.के तहत संचालित एक कल्याणकारी योजना है। इस योजना के तहत जिन पुलिसकर्मियों के वेतन खाते एसबीआई में संचालित होते है। पुलिस कर्मी के दुर्घटना पर आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में उनके वैध नामिनी को 1 करोड़ रूपये का जीवन बीमा कवर, सामान्य मृत्यु की स्थिति में 10 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर प्रदान किये जाने का प्रावधान है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारी से अपने वेतन खाते को अनिवार्य रूप से निःशुल्क पुलिस सैलरी पैकेज के तहत रजिस्ट्रेशन करवाकर अपने परिवार का जीवन सुरक्षित करने की बात कही है।

### जिला पंचायत सदस्यों का शक्ति प्रदर्शन मंत्री अग्रवाल को सौंपा ज्ञापन

**सोनगरा।** सरगुजा संभाग के जिला पंचायत सदस्यों ने मंगलवार को अंबिकापुर स्थित रेस्ट हाउस में आयोजित संभाग स्तरीय बैठक में अपनी ताकत और एकजुटता का परिचय दिया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने पंचायत स्तर के विकास कार्यों में आ रही बाधाओं पर खुलकर चर्चा की और राज्य सरकार के सामने अपनी प्रमुख मांगें रखीं। बैठक के दौरान मंत्री राजेश अग्रवाल को जिला पंचायत सदस्य संघ के प्रतिनिधियों ने मांगों से संबंधित विस्तृत ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि इन मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाता है, तो ग्रामीण विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और जमीनी स्तर पर योजनाओं का प्रभाव बेहतर दिखेगा। बैठक में संभाग स्तरीय जिला पंचायत सदस्य संघ का गठन किया गया। सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। अध्यक्ष लवकेश पैकरा, उपाध्यक्ष मुंशी राम, राजेश साहू, मोनिका टोप्पो, कुसुम सिंह, सचिव राधा रवि, कोषाध्यक्ष विजय अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य देवनारायण यादव, अनुज राजवाड़े, निर्मल कुजूर सहित अन्य शामिल है।

# रिंग रोड सहित प्रमुख चौक चौराहों पर स्ट्रीट लाईट दुरुस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल से सौंपा ज्ञापन, चौपाटी को वाकिंग स्ट्रीट घोषित करने का सुझाव

विद्युत स्ट्रीट लाइट की तत्काल प्रभाव से मरम्मत एवं समय समय पर नियमित रखरखाव करने और चौपाटी पर लगभग प्रति दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति से बचने के लिए चौपाटी क्षेत्र को वाकिंग स्ट्रीट घोषित करने सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित करने को लेकर कांग्रेस ने ननि आयुक्त से मुलकात कर ज्ञापन सौंपा।

एआईसीसी सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव के निर्देश पर ननि आयुक्त से मिलने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व शहर के एक प्रमुख स्थल सद्भावना चौक के बिल्कुल समीप एक महिला के साथ बलात्कार कर बहुत ही भयावह तरीके से हत्या कर दी गई। सबसे शर्मनाक बात ये है कि अब तक अपराधी कानून की गिरफ्त से दूर है। यदि उस रात के मामले को ध्यान से देखा जाए तो उक्त चौक एवं रिंग रोड पर स्ट्रीट लाइट खराब थी जिस से निःसंदेह ही अपराधी का मनोबल मजबूत हुआ होगा। शहर के अंतर्गत आने वाले रिंग रोड की समस्त स्ट्रीट लाइट का अगर आंकलन किया जाए तो समस्त लाइटों में सिर्फ 25 से 30 प्रतिशत ही स्ट्रीट लाइट चालू हैं, बाकि सभी खराब हैं जिस को प्राथमिकता से संज्ञान में ले कर दुरुस्त कराना अनिवार्य है। निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले करीब करीब सभी 48 वार्डों की समीक्षा की जाए तो आधी से ज्यादा स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं जिनका तत्काल प्रभाव से मरम्मत कराना अनिवार्य है। इसके साथ ही शहर सीमा के अंतर्गत आने वाले समस्त चौकों के मध्य में हाई मास्ट लाइट लगाना चाहिए एवं आवश्यकतानुसार समय समय पर रखरखाव होना चाहिए।

शहर की दूसरी प्रमुख आवश्यकता ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करना है जिस में शहर के हृदय स्थल चौपाटी पर पार्किंग की अनियमितता के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस स्थिति से बचने के लिए चौपाटी को बड़े शहरों की तर्ज पर वाकिंग स्ट्रीट घोषित कर दिया जाए, जिस में किसी भी प्रकार के दोपहिया एवं चार पहिया वाहन का प्रवेश वर्जित रहे। जोड़ा पीपल की तरफ से आने वाले मार्ग को नगर निगम की पूर्व बिल्डिंग के बाद से पार्किंग हेतु उपयोग में लिया जाए ताकि यदि किसी वाहन को अन्यत्र जाना हो तो वह घड़ी चौक, गांधी चौक होते हुए आकाशवाणी चौक की तरफ सुविधा पूर्वक जा सके।

इस मार्ग पर शिव मंदिर से पहले जहां से चौपाटी की सीमा आरंभ होती है वहां पर एवं आकाशवाणी चौक की तरफ से आने पर इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम की सीमा के पश्चात बैरिकेडिंग कर के चौपाटी की वाहन पार्किंग हेतु उपयोग में लाया जा सकता है। इसी प्रकार चोपड़ा पारा की ओर जाने वाली मुख्य मार्ग को भी पार्क के दोनों तरफ से बैरिकेडिंग कर पार्किंग हेतु उपयोग में लाया जा सकता है। यदि प्रारंभ में उचित लगे तो प्रयोग करने हेतु प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से रात्रि दस बजे तक सांकेतिक बैरिकेडिंग कर के देखा जा सकता है।

### अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरे बाइक सवार, दो घायल

**सोनगरा।** शहर से घर लौट रहे बाइक सवार दो युवक झापी नाला के समीप अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम केवरा घुटरा पारा निवासी रोशन आ. एतवारी (21 वर्ष ) व गांव के ही मदन आ. रमाशंकर (21 वर्ष) किसी काम के सिलसिले में अंबिकापुर बाइक क्रमांक सीजी 29 एएफ 4503 से आए थे। दोपहर को दोनों शहर से वापस घर जा रहे थे और जैसे ही बाइक सवार बनारस रोड झापी नाला के समीप पहुंचे तभी चालक बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में दोनों युवक घायल हो गए वहीं मार्ग से गुजर रहे लोगों ने घायलों को भटगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवकों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।



### कार की टक्कर से भांजे की मौत, मामा गंभीर

**अम्बिकापुर।** ग्राम सिलसिल के समीप कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में भांजे की मौत हो गई जबकि मामा की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम झींकी निवासी अभिमन्यू नगेसिया आ. रामबास (19 वर्ष) 7 अप्रैल को मामा संजीत के साथ बाइक से ग्राम कोट गहना जाने के लिए निकला था। शाम 6 बजे वापस लौट रहे थे और जैसे ही ग्राम सिलसिला के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक जेएच 01 ईक्यू 1273 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार मामा-भांजा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत अभिमन्यू को मृत घोषित कर दिया वहीं मामा संजीत का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बेजुबान गौवंश के...

10, विपिन मिश्रा 10, अनमोल पाल 10, रजनीश गुप्ता ने 10, सत्येंद्र सोनी ने 10, अरशद खान ने 10, प्रज्वल जायसवाल ने 5 तथा देवांशु शर्मा ने 5 नाद की व्यवस्था करवाई। कुल 125 पानी नाद की व्यवस्था लगभग 50 हजार रूपए की लागत से की गई है, जिसे गौरक्षा वाहिनी के माध्यम से जरूरतमंद स्थानों पर लगाया जाएगा। आयोजक अनुराग दुबे ने आम नागरिकों से अपील की है कि जिन्हें भी यह पानी नाद चाहिए, वे संपर्क कर निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करें कि नाद में नियमित रूप से पानी भरा जाए, ताकि इसका सही उपयोग हो सके और बेजुबान पशुओं को राहत मिल सके। इस मानवीय पहल की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है।

### सुरक्षित और प्राकृतिक ...

किया जाता है। इस पद्धति की खासियत यह है कि इसमें दवाएं बहुत कम मात्रा में दी जाती हैं और रोगी के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए समग्र उपचार किया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार होम्योपैथी उपचार सुरक्षित, सस्ता और दुष्प्रभाव रहित माना जाता है, जिससे यह बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए भी उपयुक्त है। खासकर पुरानी और जटिल बीमारियों में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं। विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर लोगों से अपील की जा रही है कि वे इस प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक हों और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

### मनेन्द्रगढ़ की यातायात...

बल तैनात किया जाए और अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते इस दिशा में कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में मनेन्द्रगढ़ की यातायात समस्या और विकराल रूप ले सकती है। जिला मुख्यालय होने के बावजूद शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद तौहीद आलम पिता अब्दुल मजीद निवासी वार्ड नं. 20, रामपुर कॉलोनी, बैकुण्ठपुर जिला कोरिया पिन. 497335 (छ.ग.)

यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम मोहम्मद तौहीद आलम पिता अब्दुल मजीद रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम मोहम्मद तौहीद आलम पिता अब्दुल मजीद से ही जाना पहचाना जावे।

**मोहम्मद तौहीद आलम**
**ग्राम-वार्ड नं. 20, रामपुर कॉलोनी बैकुण्ठपुर जिला कोरिया, पिन.-497335**
**( छ.ग. )**

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that

I, MOHAMMED TAUHID ALAM S/O ABDUL MAZID and Mother name Mohmoonissa resident of ward no 20, Rampur Colony Baikunthpur (C.G.) have Changed my old name MOHAMMED TAUHID ALAM S/O ABDUL MAZID and Mother name Mohmoonissa So in future, I Should be Recognised by my new name is MOHAMMAD TAUHID ALAM S/O ABDUL MAJID and Mother name Mamun Nisha in all government and other documents.

**MOHAMMAD TAUHID ALAM**
**Ward no. 20, Rampur colony Baikunthpur (C.G.) 497335**

### आम सूचना

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1 व 5 ब अदालत श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कक्ष संख्या 2 वाराणसी बमुकदमा नम्बर 2361 सन् 2024 ई. मोहम्मद शमीम बनाम रिजवाना बेगम रिजवाना बेगम ह/ड मोहम्मद शमीम पुत्री मोहम्मद इकताफ **बनाम** हालपता फ /ड वार्ड नम्बर 4 मौहारपारा मनेन्द्रगढ़ जिला एम.सी.बी. छत्तीसगढ़

बावजह हो कि आपके नाम एकनालिश बाबत दाखिल हुआ है लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/वकील हाजिर होकर जो कुछ उज्र हो आज तारीख 22 माह 04 सन् 2026 ई. ववक्त बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमे की पैरवी करे वरना आपके खिलाफ एक तरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा। वसीका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज दिनांक 7 माह 4 सन् 2026 ई. को जारी किया गया।

**अपर प्रधान न्यायाधीश**
**परिवार न्यायालय संख्या-2**
**वाराणसी**




